
## भाग–अ
## मानसिक योग्यता

1. विलुप्त दो शब्द ज्ञात कीजिए –
पर्यवेक्षक : मजदूर :: .......... : ...........
(A) कनिष्ठ : वरिष्ठ (B) अग्रज : अनुज (C) अधिकारी : लिपिक (D) देनदार : लेनदार

2. यदि किसी भाषा में, UTENSIL को WVGPUKN के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, तो किस शब्द को DMSFXG के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा?
(A) BKQEVE (B) BKQDWE (C) BKQDVF (D) BKQDVE

3. '?' के स्थान पर निम्न में से कौनसी संख्या आयेगी?




(A) 6 (B) 4 (C) 8 (D) 12

4. एक घड़ी 5 बजे 5 बार बजती है। पहली और अन्तिम घंटी के बीच का अन्तर 40 सेकण्ड है। 12 बजे घड़ी बजने में कुल कितना समय लगेगा?
(A) 60 सेकण्ड (B) 110 सेकण्ड (C) 95 सेकण्ड (D) 105 सेकण्ड

5. जब राहुल का जन्म हुआ था, तब उसके पिता उसके भाई से 32 वर्ष बड़े थे और उसकी माता, उसकी बहन से 25 वर्ष बड़ी थीं। यदि राहुल का भाई उससे 6 वर्ष बड़ा है और उसकी माता उसके पिता से 3 वर्ष छोटी हैं, तो राहुल के जन्म के समय उसकी बहन की आयु कितनी थी?
(A) 7 वर्ष (B) 10 वर्ष (C) 14 वर्ष (D) 19 वर्ष

6. वह विकल्प चुनें जिसमें शब्दों के बीच वही सम्बन्ध हो, जो निम्नलिखित शब्दों के बीच दिया गया है –
वाष्पीकरण : बादल : वर्षा
(A) छींक : खाँसी : जुकाम (B) दुर्घटना : चोट : दर्द
(C) चर्मशोधन : चमड़ा : पर्स (D) कली : फूल : सुगंध

7. सही विकल्प का चयन कीजिए –
जैसे ......?..... से श्रीलंका है, वैसे ही दिल्ली से .....?..... है।
(A) कोलम्बो, भारत (B) द्वीप, बन्दरगाह (C) भारत, पेरिस (D) काठमांडू, राजधानी

8. यदि MOBILITY को 46293927 के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, तो EXAMINATION का कूट होगा –
(A) 45038401854 (B) 56149512965 (C) 57159413955 (D) 67250623076

9. यदि $2 + 3 = 13$
$3 + 4 = 25$
$4 + 5 = 41$
तो $5 + 6 = ?$
(A) 55 (B) 61 (C) 71 (D) 65

10. एक पासे में 1-6 अंक हैं। यदि 1 के विपरीत 6 और 2 के विपरीत 5 है, तो 3 के विपरीत क्या होगा?
(A) 4 (B) 5 (C) 6 (D) 2

11. यदि "×" का अर्थ "+" और "+" का अर्थ "–" है, तो $8 \times 4 + 2 = ?$
(A) 10 (B) 14 (C) 12 (D) 6

12. यदि CIGARETTE को GICERAETT के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, तो DIRECTION को कूटबद्ध किया जाएगा –
(A) RIDTCENOI (B) NORTECDII (C) NOIETCRID (D) IRDCTIONE

13. एक निश्चित कूट में, 'JUDICIAL' शब्द को 'LAUJICID' के रूप में लिखा गया है, तो 'GLORIOUS' को उसी कूट में किस रूप में लिखा जाएगा?

(A) LGSUROOL (B) SULGOIRO (C) SULGROOL (D) USGLIOOR

14. उस शब्द को चुनिए जो अन्य से भिन्न है –

(A) कानपुर (B) इलाहाबाद (C) वाराणसी (D) मथुरा

15. 'FIRE' को एक निश्चित कूट भाषा में 'DGPC' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। 'SHOT' शब्द के कूटबद्ध शब्द का अन्तिम अक्षर क्या होगा?

(A) Q (B) P (C) R (D) S

16. शृंखला 5,10, 20, 40,.......... का कौनसा पद 1280 होगा?

(A) दसवाँ (B) ग्यारहवाँ (C) आठवाँ (D) नौवाँ

17. चार लड़कियाँ एक बेंच पर फोटो खिंचाने के लिए बैठी हैं। शिखा, रीना के बाईं ओर है। मंजू, रीना के दाईं ओर है। रीता, रीना और मंजू के बीच में है। फोटो में बाईं ओर से दूसरी कौन है?

(A) रीना (B) शिखा (C) मंजू (D) रीता

18. यदि 7 $\rightarrow$ 56

9 $\rightarrow$ 90

11 $\rightarrow$ 132

तो 13 $\rightarrow$ ?

(A) 156 (B) 170 (C) 182 (D) 196

19. विलुप्त शब्द ज्ञात कीजिए –

एड़ी : घुटना :: कलाई : ................

(A) कोहनी (B) पैर (C) अंगुली (D) हाथ

20. शृंखला को पूर्ण कीजिए –

OTE, PUF, QVG, RWH, ?


(A) SYJ (B) TXI

(C) SXJ (D) SXI

21. उस शब्द को चुनिए जो समूह के अन्य शब्दों से भिन्न है –

(A) पोलैंड (B) ग्रीस (C) स्पेन (D) कोरिया

22. कौनसा अंक प्रश्न चिन्ह का स्थान लेगा?




(A) 3 (B) 14 (C) 6 (D) 9

23. शृंखला पूरी कीजिए –

1, 4, 2, 8, 6, 24, 22, 88, ?


(A) 86 (B) 90 (C) 352 (D) 92




24. यदि CLOCK को DMPDL लिखा जाता है, तो WATCH को कैसे लिखा जाएगा?
(A) XBUDI (B) XCVFI (C) XBUHG (D) XBVFI

25. सही क्रम पहचानिए –
(1) भूख (2) खाना (3) ऊर्जा (4) पाचन
(A) (1)→(2) →(4) →(3) (B) (2)→(1) →(3) →(4)
(C) (1)→(4) →(2) →(3) (D) (4)→(2) →(1) →(3)

26. कबूतर : शान्ति :: सफेद ध्वंज : ?
(A) मित्रता (B) विजय (C) समर्पण (D) युद्ध

27. सही विकल्प का चुनाव कर पैटर्न को पूरा करें –




(A)  (B)  (C)  (D) 

28. यदि रेल को बस, बस को ट्रैक्टर, ट्रैक्टर को कार, कार को स्कूटर, स्कूटर को साइकिल और साइकिल को मोपेड कहा जाए, तो खेत जोतने के लिए क्या प्रयोग किया जाता है?
(A) रेल (B) बस (C) ट्रैक्टर (D) कार

29. आज शुक्रवार है। पिछले सोमवार को तारीख 29 दिसम्बर, 1975 थी। आज की तारीख क्या है?
(A) 26 दिसम्बर, 1975 (B) 3 जनवरी, 1976 (C) 2 जनवरी, 1976 (D) 2 जनवरी, 1975

30. यदि एक आकृति को 90° घड़ी की दिशा में घुमाया जाए, तो उसकी नई स्थिति क्या होगी?
(A) उल्टा (B) दाईं ओर (C) बाईं ओर (D) वही स्थिति

निर्देश : (प्र.सं. 31 से 34) निम्नलिखित चार्ट का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –





31. किन तीन मदों पर किया गया व्यय मूल–बिंदु पर 108° का कोण बनाता है?
(A) ईंधन, कपड़ा, अन्य (B) कपड़ा, किराया, अन्य
(C) ईंधन, शिक्षा, अन्य (D) शिक्षा, किराया, अन्य

32. शिक्षा और भोजन पर किए गए खर्च का अनुपात क्या है?
(A) 3:1 (B) 1:3 (C) 3:5 (D) 5:3

33. यदि परिवार की कुल आय 25000 ₹ है, तो किराया और भोजन पर कितना खर्च किया गया है?
(A) 11250 ₹ (B) 8920 ₹ (C) 15840 ₹ (D) 14750 ₹


34. ईंधन पर किए गए खर्च की तुलना में किराए पर किए गए खर्च का प्रतिशत कितना है?
(A) 135.56% (B) 155.56% (C) 172.56% (D) 167.56%



35. नीचे दी गई आकृति में कितने आयत हैं?



(A) 14 (B) 13 (C) 12 (D) 08

36. शृंखला में अगला चित्र कौनसा आएगा?



(A)  (B)  (C)  (D) 

37. एक सुबह, सूरज निकलने के बाद रेशमा और कियारा एक पार्क में आमने–सामने खड़े होकर एक दूसरे से बात कर रहीं थीं। यदि कियारा की परछाई ठीक रेशमा के दाईं ओर थी, तो कियारा किस दिशा की ओर मुँह किए हुए थी?

(A) पूर्व (B) उत्तर (C) दक्षिण (D) आंकड़े अपर्याप्त

38. निम्नलिखित अक्षरों को एक सार्थक शब्द के रूप में व्यवस्थित करें और दिए गए विकल्पों में से चौथा अक्षर ज्ञात करें –

R C E I P

(A) I (B) C (C) E (D) R

39. यदि 15 आदमी किसी काम को 40 दिनों में कर सकते हैं, तो 20 आदमी उसी काम को कितने दिनों में पूरा कर सकते हैं?

(A) 20 दिन (B) 35 दिन (C) 30 दिन (D) 25 दिन

40. करण और किशन की कुल आयु, किशन और कौशल की कुल आयु से 12 वर्ष अधिक है। कौशल, करण से कितने वर्ष छोटा है?

(A) कौशल, करण से बड़ा है (B) 24 वर्ष (C) 12 वर्ष (D) आंकड़े अपर्याप्त

41. निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोष में उनके क्रम के अनुसार लिखिए –

(i) Investigate (ii) Invariable (iii) Involuntary (iv) Invisible (v) Inventory

(A) (i), (iii), (ii), (v), (iv) (B) (v), (iv), (ii), (iii), (i)

(C) (iv), (v), (ii), (i), (iii) (D) (ii), (v), (i), (iv), (iii)

42. यदि एक इंडक्शन प्लेट की कीमत 25% बढ़ा दी जाए, तो नई कीमत को कितने प्रतिशत कम किया जाना चाहिए ताकि कीमत वापस अपने मूल स्तर पर आ जाए?

(A) 15% (B) 20% (C) 30% (D) 25%


43. वह विकल्प चुनें जिसमें शब्दों के बीच वही सम्बन्ध हो, जो निम्नलिखित शब्दों के बीच दिया गया है –

पहाड़ : ऊँचाई : पर्वतारोही

(A) नदी : लंबाई : पानी (B) ज़मीन : किसान : फसल

(C) कॉलेज : इमारत : छात्र (D) समुद्र : गहराई : गोताखोर

निर्देश : (प्र.सं. 44 से 46) निम्नलिखित आकृति का अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –




**44.** यदि अस्पताल को ऑपरेशन के लिए केवल विवाहित प्रशिक्षित डॉक्टरों की आवश्यकता है, तो कौनसी संख्या इसे दर्शाएगी?

(A) 1 (B) 4 (C) 6 (D) 5

**45.** अस्पताल में अविवाहित लेकिन प्रशिक्षित डॉक्टरों को किस संख्या से दर्शाया गया है?

(A) 4 (B) 1 (C) 6 (D) 2





**46.** संख्या 7 किसका प्रतिनिधित्व करती है?

(A) प्रशिक्षित नर्सें (B) विवाहित डॉक्टर

(C) अस्पताल में प्रशिक्षित डॉक्टर (D) अस्पताल में विवाहित डॉक्टर

**47.** कौनसा वेन आरेख दिए गए तीन तत्वों के बीच के संबंध को सबसे अच्छे से दर्शाता है?

गाजर, भोजन, सब्ज़ियाँ

(A)  (B)  (C)  (D) 

**48.** 5 अवलोकनों का औसत 15 है। यदि तीन नए अवलोकन 16.5, 18 और 14.5 जोड़ दिए जाएँ, तो नया औसत ज्ञात कीजिए –

(A) 15.5 (B) 14.8 (C) 16.5 (D) 16.2

**49.** आयशा 20 मीटर उत्तर की ओर चलती है, फिर वह दाईं ओर मुड़कर 30 मीटर चलती है। अब वह दाईं ओर मुड़कर 35 मीटर चलती है। अब बाईं ओर मुड़कर वह 15 मीटर चलती है, फिर से वह बाईं ओर मुड़कर 15 मीटर चलती है। वह अपनी मूल स्थिति से किस दिशा में और कितनी दूरी पर है?

(A) 45 मीटर, पश्चिम (B) 15 मीटर, पूर्व (C) 45 मीटर, पूर्व (D) 15 मीटर, पश्चिम

**50.** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को पढ़ें और फिर तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौनसा निष्कर्ष, दिए गए दो कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है :

**कथन** – (1) कुछ पुरुष स्त्रियां हैं।

(2) सभी स्त्रियां सुंदर हैं।

**निष्कर्ष** – (I) सभी पुरुष सुंदर हैं।

(II) सभी स्त्रियां पुरुष हैं।

(A) केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। (B) केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

(C) (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। (D) न तो (I) ना ही (II) अनुसरण करता है।

भाग–ब

शिक्षण अभिक्षमता एवं अभिवृत्ति

51. शिक्षक–अभिभावक बैठक के दौरान आपकी प्राथमिकता क्या होगी?
(A) अभिभावकों को उनके बच्चों की समस्याओं से परिचित कराना
(B) विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास हेतु अभिभावक और शिक्षक दोनों की भूमिका के बारे में अभिभावकों को जागरूक करना
(C) अभिभावकों से प्रतिपुष्टि प्राप्त करना
(D) होशियार बच्चों के अभिभावकों को प्राथमिकता देना

52. पाठ की योजना बनाते समय, आपका प्राथमिक ध्यान होता है –
(A) विविध विद्यार्थी आवश्यकताओं के साथ शिक्षण गतिविधियों का तालमेल बिठाना।
(B) आवंटित समय सीमा के भीतर पाठ्यक्रम पूरा करना।
(C) विद्यार्थियों के सुनने के लिए एक उच्च गुणवत्ता वाला व्याख्यान तैयार करना।
(D) सामग्री को जल्दी से वितरित करने का सबसे आसान तरीका खोजना।

53. निम्नलिखित में से अध्यापक के व्यक्तित्व का कौनसा गुण सर्वाधिक आवश्यक हैं?
(A) आकर्षक शारीरिक गठन
(B) वाणी पर नियंत्रण
(C) विद्यार्थियों एवं विषय–वस्तु की समझ
(D) विषय ज्ञान को कक्षा के सभी विद्यार्थियों के संतुष्टि स्तर तक प्रस्तुत करने की कला

54. विविध भाषाई पृष्ठभूमि वाले अभिभावकों के साथ संवाद करते समय, एक शिक्षक को क्या करना चाहिए?
(A) विद्यार्थी से सब कुछ अपने माता–पिता के लिए अनुवाद करने के लिए कहना
(B) गलतफहमी से बचने के लिए संचार से बचना
(C) सरल, शब्दजाल–मुक्त भाषा और यदि आवश्यक हो तो दृश्य साधनों का उपयोग करना
(D) पेशेवर मानकों को बनाएं रखने के लिए औपचारिक शैक्षणिक अंग्रेजी / हिन्दी का उपयोग करना

55. विद्यार्थियों में घटती सामाजिक परिपक्वता का मुख्य कारण है –
(A) अत्यधिक स्क्रीन समय और सोशल मीडिया
(B) सहगामी क्रियाओं में अत्यधिक भागीदारी
(C) पारिवारिक गतिविधियों में अत्यधिक भागीदारी
(D) पढ़ाई में अत्यधिक भागीदारी

56. विद्यार्थियों में सामाजिक परिपक्वता को सबसे अच्छी तरह बढ़ावा देने वाली कक्षा नेतृत्व शैली है –
(A) सत्तावादी – बिना किसी प्रश्न के शिक्षक के नियमों का सख्ती से पालन करना
(B) आधिकारिक – स्पष्ट नियमों और गर्मजोशी के साथ उच्च अपेक्षायें
(C) लोकतांत्रिक – विद्यार्थी नियम बनाने और निर्णय लेने में भाग लेते हैं
(D) अहस्तक्षेप – शिक्षक के मार्गदर्शन के बिना पूर्ण स्वतंत्रता

57. आपके अनुसार, निम्नलिखित में से कौनसी नेतृत्व शैली सबसे अच्छी है?
(A) तानाशाही शैली
(B) अहस्तक्षेप शैली
(C) लोकतांत्रिक शैली
(D) सुरक्षात्मक शैली

58. विद्यार्थियों में सामाजिक परिपक्वता विकसित करने के लिए, सबसे अच्छा तरीका क्या है?
(A) उन्हें सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।
(B) उन्हें अपने कुछ अनुभव लिखने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।
(C) उन्हें प्रेरणादायक वीडियो दिखाएंगे।
(D) उन्हें प्रेरणादायक व्याख्यान सुनने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

59. आप देखते हैं कि आपकी कक्षा में एक विद्यार्थी अन्य विद्यार्थियों के साथ समायोजित नहीं हो पा रहा है। एक शिक्षक के रूप में, आपके विचार में यह समस्या क्या है?
(A) सामाजिक परिपक्वता का अभाव
(B) व्यक्तिगत परिपक्वता का अभाव
(C) भावात्मक परिपक्वता का अभाव
(D) सांस्कृतिक परिपक्वता का अभाव

60. एक शिक्षक में 'भाषण की स्पष्टता' में मुख्य रूप से शामिल है –
(A) विद्यार्थियों का ध्यान आकर्षित करने के लिए तेज और आक्रामक स्वर का उपयोग करना।
(B) अधिक जानकारी को शामिल करने के लिए तेज़ स्वर का उपयोग करना।
(C) विषय से सम्बन्धित परिष्कृत शब्दावली का उपयोग करना।
(D) उचित उच्चारण, मध्यम गति और विचारों का तार्किक क्रम।

61. आपके विद्यालय में, विद्यार्थी मोबाइल फोन लाते हैं। एक प्रिंसिपल के तौर, पर आप इस आदत को कैसे हतोत्साहित कर सकते हैं?
(A) विद्यार्थियों को सजा देकर
(B) माता–पिता को सूचित करके
(C) विद्यार्थियों को मोबाइल के फायदे और नुकसान के बारे में बताकर
(D) विद्यार्थियों के मोबाइल ज़ब्त करके

62. एक शिक्षक को कक्षा के वातावरण में लैंगिक समानता को कैसे बढ़ावा देना चाहिए?
(A) कभी–कभी इतिहास की प्रसिद्ध महिलाओं के बारे में बात करके।
(B) संघर्ष से बचने के लिए लड़कों और लड़कियों को अलग–अलग बैठाकर।
(C) समान भागीदारी सुनिश्चित करके और लिंग–तटस्थ उदाहरणों का प्रयोग करके।
(D) पारंपरिक लिंग भूमिकाओं के आधार पर कार्य सौंपकर।

63. कक्षा में विद्यार्थियों की समस्याओं को हल करने के लिए शिक्षक के लिए संचार में सुनने का निम्नलिखित में से कौनसा प्रकार सबसे महत्वपूर्ण है?
(A) सराहनात्मक सुनना
(B) संवेदनापूर्ण सुनना
(C) समानुभूतिपूर्ण सुनना
(D) उपचारात्मक सुनना

64. निम्नलिखित में से कौनसा कथन सामाजिक रूप से अपरिपक्व व्यक्ति के सबसे अधिक संकेत देता है?
(A) दूसरों की बात नहीं सुनना
(B) दूसरों की मदद करने में रुचि न होना
(C) साथियों से अक्सर झगड़ा करना
(D) दूसरों के विचारों को समझने में असमर्थ होना

65. शिक्षक, विद्यार्थियों में सामाजिक परिपक्वता के विकास में अहम भूमिका निभा सकते हैं –
(A) आदर्श व्यवहार द्वारा
(B) विद्यालय में सख्त नियम लागू करके
(C) आदर्श व्यवहार और सहयोगात्मक अधिगम को बढ़ाकर
(D) कक्षा में सख्त नियम लागू करके

66. समूह कार्य के दौरान, एक विद्यार्थी हावी रहता है जबकि अन्य चुप रहते हैं। आपकी प्रतिक्रिया होगी –
(A) जब तक कार्य पूरा हो रहा है, समूह व्यवहार को नजरअंदाज करेंगे।
(B) समूह का मार्गदर्शन करेंगे ताकि सभी की समान भागीदारी और सम्मान सुनिश्चित हो।
(C) सुझाव देंगे कि सभी को चर्चा में भाग लेना चाहिए।
(D) प्रमुख विद्यार्थी को पूरी तरह नेतृत्व करने देंगे।

67. कक्षा गतिविधियों को लागू करते समय, एक शिक्षक –
(A) गतिविधियों की योजना में सीमित विद्यार्थी भागीदारी की अनुमति देगा।
(B) बिना विद्यार्थी के सुझाव के सभी गतिविधियों का निर्णय करेगा।
(C) व्यावहारिक गतिविधियों से बचकर केवल व्याख्यान पर निर्भर रहेगा।
(D) विद्यार्थी पहल और साझा निर्णय–निर्माण को प्रोत्साहित करेगा।

68. स्टाफ रूम में किसी विद्यार्थी के बारे में नकारात्मक बोलने वाले सहकर्मी को शिक्षक को क्या प्रतिक्रिया देनी चाहिए?
(A) बातचीत को विद्यार्थी की मदद के लिए समाधान खोजने की ओर मोड़ना
(B) नकारात्मक टिप्पणियों में भाग लिए बिना चुपचाप सुनना
(C) विद्यार्थी के साथ अपनी हताशा साझा करने के लिए बातचीत में शामिल होना
(D) अव्यावसायिकता के लिए प्रशासन को सहकर्मी की रिपोर्ट करना

69. एक शिक्षक जो शिक्षण नेतृत्व प्रदर्शित करता है –
(A) सहयोगात्मक शिक्षण और विद्यार्थी भागीदारी को प्रोत्साहित करेगा।
(B) सीमित सहभागिता के साथ सुव्यवस्थित व्याख्यान देगा।
(C) जल्दी से पाठ्यक्रम पूरा करने पर ध्यान देगा।
(D) बिना चर्चा के पाठ्यपुस्तक से पढ़ाएगा।

70. विद्यार्थियों के सामाजिक और संवेगात्मक विकास के लिए निम्नलिखित में से कौनसा एक विकल्प शिक्षक के लिए अनिवार्य है?
(A) कक्षा में सहभागिता और सहयोग को प्रोत्साहित करना
(B) भावनाओं को नियंत्रित करने के बारे में चर्चा शुरू करना
(C) कक्षा के स्पष्ट नियम प्रदान करना
(D) आपसी विश्वास और सहानुभूति विकसित करना

71. निम्नलिखित में से कौनसा लक्ष्य विद्यालय के नेतृत्वकर्ता के लिए सबसे महत्वपूर्ण है?
(A) आवश्यकताओं की पूर्ति
(B) नवाचार
(C) सीखने के अवसर प्रदान करना
(D) विद्यालय का रख–रखाव

72. एक विद्यार्थी कक्षा के सामने आपके शिक्षण तरीके की आलोचना करता है। आप कैसे प्रतिक्रिया देंगे?
(A) शांतिपूर्वक सुनेंगे, प्रतिपुष्टि की सराहना करेंगे और सम्मानपूर्वक अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करेंगे।
(B) संक्षेप में अपना कारण बताएंगे और पढ़ाई जारी रखेंगे।
(C) विद्यार्थी से कहेंगे कि कक्षा के बाद इस पर चर्चा करे।
(D) अनादर करने के लिए विद्यार्थी को तुरंत डांटेंगे।

73. सीखने का सर्वाधिक उपयुक्त अर्थ है –
(A) शिक्षार्थी के व्यवहार का परिमार्जन
(B) सामाजिक जागरूकता
(C) शिक्षार्थी को रोज़गार प्राप्त करने के लिए तैयार करना
(D) शिक्षार्थी का वैयक्तिक समायोजन

74. किसी भी अध्यापक की कक्षा में सफलता का सबसे महत्वपूर्ण कारक हो सकता है –
(A) उसकी विद्यार्थियों में स्वीकार्यता।
(B) उसकी कक्षा को संचालित करने की योग्यता।
(C) उसकी विद्यार्थियों की भावनाओं को समझने की दक्षता तथा विषय–वस्तु पर अधिकार।
(D) उसकी सत्तावादी नेतृत्व क्षमता।

75. विद्यालय में विद्यार्थियों की अनुशासनहीनता की समस्या का समाधान करना –
(A) शिक्षकों की संयुक्त जिम्मेदारी है।
(B) क्लास कक्षा–शिक्षक की जिम्मेदारी है।
(C) अभिभावकों की जिम्मेदारी है।
(D) शिक्षकों और अभिभावकों की संयुक्त जिम्मेदारी है।

76. आपके विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के विकास के लिए क्या आवश्यक है?
(A) वे अपनी कक्षा में हमेशा उपस्थित रहें।
(B) वे खेल के मैदान में पूर्ण आत्मविश्वास के साथ खेलें।
(C) वे अपना समय विद्यालय की अतिरिक्त पाठ्य सहगामी क्रियाओं में बरबाद न करें।
(D) वे विद्यालय की सभी पाठ्यक्रमीय एवं सह–पाठ्यगामी क्रियाओं में अपने सर्वोत्तम संतोष स्तर पर भागीदारी करें।

77. सामुदायिक कार्यक्रमों में भाग लेते समय, एक शिक्षक का आचरण होना चाहिए –
(A) निरीक्षणात्मक, प्रशासनिक, आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उपस्थित रहना
(B) पेशेवर लेकिन व्यावसायिक और व्यक्तिगत जीवन को अलग रखना
(C) अनौपचारिक, क्योंकि सामुदायिक कार्यक्रम विद्यालयी कर्तव्यों का हिस्सा नहीं है
(D) अनुकरणीय, विद्यालय और समाज के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करना

78. एक शिक्षक को व्याख्यान के दौरान गैर–मौखिक संचार (बॉडी लैंगवेज) का उपयोग कैसे करना चाहिए?
(A) सभी को शामिल करने के लिए आँखों का संपर्क बनाए रखना और कमरे में चारों ओर घूमना।
(B) पेशेवर छवि बनाएं रखने के लिए पोडियम पर दृढ़ता से खड़े रहना।
(C) सहज और सुलभ दिखने के लिए हाथों को जेब में रखना।
(D) व्याकुलता से बचने के लिए केवल नोट्स या ब्लैकबोर्ड की ओर देखना।

79. निम्नलिखित में से कौनसी एक पेशेवर रूप से प्रतिबद्ध शिक्षक के लिए सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है?
(A) निरंतर और आजीवन सीखने के प्रति प्रतिबद्धता
(B) सभी शिक्षार्थियों को शामिल करने में आनेवाली बाधाओं को दूर करना
(C) व्यक्तिगत विद्यार्थी की आवश्यकताओं को पूरा करना
(D) पाठ्यक्रम को पूरी जिम्मेदारी के साथ संचालित करना

80. निम्नलिखित में से एक शिक्षक के लिए सबसे महत्वपूर्ण क्या है?
(A) आत्म–जागरूकता
(B) शिक्षण संबंधी जागरूकता
(C) अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने की जागरूकता
(D) विद्यार्थियों की (शिक्षार्थियों की) सामाजिक सांस्कृतिक पृष्ठभूमि की जागरूकता

81. अभिभावक–शिक्षक बैठक में, एक अभिभावक अपने बच्चे के खराब सामाजिक कौशलों के लिए आपको दोष देता है। आपकी प्रतिक्रिया है –
(A) बच्चे के सामाजिक विकास के लिए एक संयुक्त योजना पर सहयोगात्मक चर्चा करना।
(B) यह दिखाने के लिए आंकड़े प्रदान करना कि अन्य विद्यार्थी ठीक प्रगति कर रहे हैं।
(C) विनम्रतापूर्वक विद्यालय के सामाजिक पाठ्यक्रम और अपने प्रयासों के बारे में बताना।
(D) रक्षात्मक रूप से घर पर अभिभावक की भागीदारी की कमी की ओर इशारा करना।

82. विद्यालय की सफलता के लिए, सबसे महत्वपूर्ण घटक क्या है?
(A) विद्यालय का वातावरण
(B) विद्यालय की भौतिक सुविधाएं
(C) विद्यालय का सौन्दर्यीकरण
(D) विद्यार्थियों का नामांकन

83. कक्षा प्रबंधन में एक शिक्षक की नेतृत्व भूमिका सबसे अच्छी तरह तब दिखाई देती है, जब शिक्षक –
(A) सकारात्मक शिक्षण वातावरण बनाता है।
(B) नियमों के माध्यम से अनुशासन बनाए रखता है।
(C) कठोर अधिकार के माध्यम से कक्षा को नियंत्रित करता है।
(D) बिना मार्गदर्शन के विद्यार्थियों को स्वयं प्रबंधन करने देता है।

84. आपकी कक्षा में पढ़ाते समय कुछ विद्यार्थी एक विद्यार्थी को तंग कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में आप तुरंत क्या करेंगे?
(A) जो विद्यार्थी तंग कर रहे हैं, उन्हें डांटेंगे
(B) स्थिति को अनदेखा करेंगे
(C) विद्यार्थियों को तंग करने से रोकेंगे
(D) विद्यार्थियों को कक्षा के बाद मिलने के लिए बुलाएंगे

85. एक अलग सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से आया विद्यार्थी कक्षा में अलग–थलग महसूस करता है। आप क्या करेंगे?

(A) समावेशिता को बढ़ावा देंगे और सहपाठियों को विविधता की सराहना करने के लिए प्रेरित करेंगे।

(B) विद्यार्थी से निजी रूप से बात करेंगे और भावनात्मक सहयोग देंगे।

(C) विद्यार्थी को कक्षा के वातावरण के अनुसार ढलने की सलाह देंगे।

(D) स्थिति को नज़रअंदाज़ करेंगे क्योंकि यह सीधे पढ़ाई को प्रभावित नहीं करती।

86. जब विद्यार्थी शिक्षण विधियों पर प्रतिक्रिया देते हैं, तो शिक्षक को –

(A) प्रतिक्रिया पर विचार करना चाहिए और अपनी शिक्षण विधियों में सुधार करना चाहिए।

(B) सुनना चाहिए लेकिन शायद ही कभी शिक्षण विधियों में बदलाव करना चाहिए।

(C) केवल उच्च प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की प्रतिपुष्टि को महत्व देना चाहिए।

(D) विद्यार्थी प्रतिपुष्टि को पूरी तरह अनदेखा करना चाहिए।

87. अभिभावकों को विद्यालय में कब आमंत्रित किया जाना चाहिए?

(A) कोई आपातकालीन स्थिति हो (B) विद्यालय में वार्षिक समारोह हो

(C) उन्हें धन–दान करने के लिए प्रोत्साहित करना हो (D) विद्यालय के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव लेना हो

88. एक शिक्षक विद्यार्थियों के साथ अच्छे सम्बन्ध बनाए रख सकता है –

(A) समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण करके। (B) जाति के आधार पर भेदभाव न करके।

(C) प्यार और सम्मान के साथ व्यवहार करके। (D) विद्यार्थियों से दूरी बनाए रखकर।

89. एक शिक्षक को विद्यार्थियों के खराब लिखे गए असाइनमेंट पर प्रतिपुष्टि कैसे देनी चाहिए?

(A) कक्षा में असाइनमेंट को जोर से पढ़ना कि क्या नहीं करना चाहिए, इसके उदाहरण के रूप में।

(B) कम ग्रेड देना और विद्यार्थी से 'अधिक मेहनत करने' के लिए कहना।

(C) लाल स्याही से हर गलती को सुधारना और विद्यार्थी से इसे दोबारा लिखने के लिए कहना।

(D) पहले उसकी शक्तियों पर प्रकाश डालना, फिर विशिष्ट कार्यवाई योग्य सुझाव देना।

90. एक प्रधानाचार्य के तौर पर, आपको विद्यालय में रचनात्मक कार्य करने के लिए उच्च अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया है। इस कार्य को प्राप्त करने के लिए आप –

(A) विद्यार्थियों और शिक्षकों को काम करने के लिए बाध्य करेंगे।

(B) विद्यार्थियों और शिक्षकों को काम के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

(C) विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ मिलकर काम करेंगे।

(D) उन विद्यार्थियों और शिक्षकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाई करेंगे जो काम में रुचि नहीं लेते हैं।

91. कक्षा चर्चा का सबसे महत्वपूर्ण परिणाम क्या है?

(A) यह सुनिश्चित करना कि प्रत्येक विद्यार्थी कम से कम एक बार बोला हो।

(B) विद्यार्थियों की आलोचनात्मक सोच विकसित करना और विविध विचारों का सम्मान करना।

(C) समय पर रहने के लिए चर्चा को जल्दी पूरा करना।

(D) विद्यार्थियों का शिक्षक द्वारा प्रदान किए गए एक 'सही' उत्तर तक पहुँचना।

92. निम्नलिखित में से कौनसा एक नेता का सबसे महत्वपूर्ण गुण है?

(A) दूसरों को प्रभावित करना (B) पारस्परिक संबंधों को प्रोत्साहित करना

(C) निर्णय लेना (D) स्व–प्रेरित होना

93. निम्नलिखित में से कौनसा सामाजिक परिपक्वता का सबसे महत्वपूर्ण तत्व है?

(A) आत्मनिर्भरता (B) संचार (C) आत्म निर्देशन (D) सामाजिक अंतःक्रिया

**94.** यदि आपकी कक्षा का एक विद्यार्थी सभी विषयों में कमजोर है, तो आप क्या करेंगे?

**(A)** मैं उसकी कमजोरी के कारणों को जानने का प्रयास करूँगा।

**(B)** मैं उसकी रुचि के क्षेत्रों को जानने का प्रयास करूँगा।

**(C)** मैं उसके साथ उसकी रुचि के क्षेत्रों पर चर्चा करूँगा और उसे उन्हीं क्षेत्रों में बढ़ने के अवसर दूँगा।

**(D)** मैं उसकी परवाह नहीं करूँगा।

**95.** जब कोई विद्यार्थी कक्षा में सामाजिक रूप से अनुचित टिप्पणी करता है, तो शिक्षक को कैसी प्रतिक्रिया देनी चाहिए?

**(A)** कक्षा समाप्त होने के बाद विद्यार्थी को निजी तौर पर फटकार लगाना।

**(B)** दूसरों के लिए उदाहरण पेश करने के लिए विद्यार्थी को सार्वजनिक रूप से दंडित करना।

**(C)** सामाजिक मानदंडों और सहानुभूति पर चर्चा करने के लिए इसे 'सीखने के अवसर' के रूप में उपयोग करना।

**(D)** कक्षा में अजीब स्थिति से बचने के लिए इसे हंसी में उड़ा देना।

**96.** एक प्रिंसिपल के तौर पर, आप देखते हैं कि एक शिक्षक हमेशा दूसरे सहकर्मियों की शिकायत करता है, ताकि उसे आपसे कोई फायदा मिल सके। इस स्थिति में आप क्या करेंगे?

**(A)** शिक्षक को अन्य शिक्षकों के बारे में अधिकतम जानकारी देने के लिए प्रोत्साहित करेंगे

**(B)** शिक्षक की आदत को नज़रअंदाज़ करेंगे

**(C)** शिक्षक को ऐसी आदत के लिए चेतावनी देंगे

**(D)** शिक्षक को इस आदत के लिए हतोत्साहित करेंगे

**97.** विद्यार्थियों के बीच सामाजिक परिपक्वता को बढ़ावा देने में शिक्षक की प्राथमिक भूमिका है –

**(A)** लगातार सामाजिक व्यवहार और भावनात्मक बुद्धिमत्ता का आदर्श (Model) बनना।

**(B)** पाठ्यपुस्तकों से नैतिकता और सामाजिक मूल्यों पर विशिष्ट पाठ पढ़ाना।

**(C)** अनुशासन और व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एक सख्त पदानुक्रम बनाएं रखना।

**(D)** शैक्षणिक सामग्री पर ध्यान केंद्रित करना, सामाजिक विकास को माता–पिता पर छोड़ देना।

**98.** एक नया पाठ्यक्रम लागू किया गया है जिसे आप अपने विद्यार्थियों के लिए अप्रभावी मानते हैं। आप क्या करेंगे?

**(A)** पाठ्यक्रम को पूरी निष्ठा से लागू करेंगे, साथ ही डेटा के साथ दस्तावेज़ तैयार करेंगे और औपचारिक रूप से अकादमिक समिति को सुधार, सुझावों के साथ प्रस्तुत करेंगे।

**(B)** पाठ्यक्रम में दिखने वाली कमियों को पूरा करने के लिए अपने स्वयं की अतिरिक्त सामग्री का उपयोग करेंगे।

**(C)** निर्देशानुसार पाठ्यक्रम का पालन करेंगे और आधिकारिक समीक्षा चक्र द्वारा चिंताओं को उठाने का इंतजार करेंगे।

**(D)** जिन हिस्सों को आप अप्रभावी मानते हैं, उन्हें बिना प्रशासन को बताएं अपने पसंदीदा विषयों से बदल देंगे।

**99.** एक पेशेवर रूप से प्रतिबद्ध शिक्षक को निम्नलिखित में से किसमें सबसे अधिक निपुण होना चाहिए?

**(A)** विषय ज्ञान और शिक्षण विधियाँ

**(B)** अधिगम वातावरण और शिक्षार्थियों की विविधता

**(C)** पाठ्यक्रम नियोजन, मूल्यांकन और रिपोर्टिंग

**(D)** सामुदायिक संबंध और व्यावसायिक विकास

**100.** एक प्रभावी शिक्षक वह है –

**(A)** जो कक्षा में विद्यार्थियों पर ध्यान देता है।

**(B)** जो नियमित कक्षा लेता है।

**(C)** जिसके सभी विद्यार्थी हमेशा कक्षा में आने हेतु उत्सुक रहते हैं।

**(D)** जो स्थायी बनाये हुए नोट्स से पढ़ाता है।

## सामान्य जागरुकता

101. कालिदास किस शासक के नवरत्नों में से एक थे?
(A) समुद्रगुप्त (B) अशोक (C) चन्द्रगुप्त द्वितीय (D) स्कंदगुप्त

102. निम्नलिखित में से किस टीम को हराकर भारत दक्षिण एशियाई फुटबॉल फेडरेशन यु–20 चैम्पियनशिप, 2026 के फाइनल में पहुँचा?
(A) बांग्लादेश (B) भूटान (C) मालदीव (D) पाकिस्तान

103. निम्नलिखित में से कौनसा एक सुमेलित नहीं है?
(A) सुण्डा पर्वत का शिलालेख – 1262 ई.
(B) चीरवा का शिलालेख – 1273 ई.
(C) देलवाड़ा का शिलालेख – 1234 ई.
(D) बिजोलिया का शिलालेख – 1170 ई.

104. अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन में जुड़ने के लिए कौन अहर्त हैं?
(A) क्योटो प्रोटोकॉल के सभी हस्ताक्षरकर्ता राष्ट्र
(B) संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य राष्ट्र
(C) सभी लघु द्वीप–विकासशील राष्ट्र
(D) सभी भूमध्यरेखीय राष्ट्र

105. परिवेश 2.0 को किस मंत्रालय द्वारा विकसित किया गया है?
(A) शिक्षा मंत्रालय
(B) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
(C) संस्कृति मंत्रालय
(D) विदेश मंत्रालय

106. भारत का पहला जैवमंडल आरक्षित क्षेत्र कौनसा है?
(A) नीलगिरी (B) नंदा देवी (C) सुन्दरबन (D) मन्नार की खाड़ी

107. निम्नलिखित में से किसके द्वारा 'एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल' की स्थापना की गई थी?
(A) वारेन हेस्टिंग्स (B) विलियम जोन्स (C) लॉर्ड मैकाले (D) लॉर्ड कैनिंग

108. निम्न में से कौनसा सही सुमेलित नहीं है?

| | नृत्य | क्षेत्र |
|---|---|---|
| (A) | भरतनाट्यम | तमिलनाडु |
| (B) | कथकली | केरल |
| (C) | कुचिपुड़ी | आंध्र प्रदेश |
| (D) | मोहिनीअटट्म | महाराष्ट्र |

109. खेजड़ली मेला किससे सम्बंधित है?
(A) अमृता देवी (B) रूमा देवी (C) झमकु देवी (D) अंजना देवी

110. निम्नांकित में से कौन 'बंगाल चित्रकला शैली' से संबद्ध नहीं है?
(A) नंदलाल बोस (B) अबनींद्रनाथ टैगोर (C) राजा रवि वर्मा (D) बिनोद बिहारी मुखर्जी

111. डॉ. भूपेन हज़ारिका के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं है?
(A) वर्ष 2026 उनका जन्म–शताब्दी वर्ष है।
(B) उन्हें 'ब्रह्मपुत्र के कवि (चारण)' के रूप में भी जाना जाता है।
(C) उन्हें 2012 में भारत–रत्न से नवाज़ा गया।
(D) उन्हें 'सुधाकंठ' के रूप में भी पुकारा जाता है।

112. महात्मा गांधी समुद्री राष्ट्रीय उद्यान कहां स्थित है?
(A) चिकमंगलूर (B) वंडूर (C) पुरी (D) दांडी कुटीर

113. जवाहर लाल नेहरू ने किस किले में कैद रहने के दौरान 'भारत एक खोज' लिखी?
(A) अहमदनगर (B) इलाहाबाद (C) पूना (D) रायगढ़

114. मौर्य सम्राट अशोक द्वारा न्याय–प्रशासन के लिए किसे नियुक्त किया गया था?
(A) महामात्र (B) रज्जुक (C) तीर्थ (D) सन्निधाता

115. राजस्थान उच्च न्यायालय का उद्घाटन कब हुआ था?
(A) 27 मार्च, 1949 (B) 29 अगस्त, 1949 (C) 26 जनवरी, 1950 (D) 3 सितम्बर, 1949

116. 1857 के विद्रोह के केंद्र और उसके प्रमुख नेता के त्रुटिपूर्ण युग्म को पहचानिए –
(A) कानपुर – नाना साहिब
(B) लखनऊ – हज़रत महल
(C) फैज़ाबाद – मौलवी अहमदुल्लाह
(D) आरा – बख्त खान

117. श्री गुरूमुख निहाल सिंह को कब राजस्थान का पहला राज्यपाल नियुक्त किया गया?
(A) 30 मार्च, 1949 (B) 1 नवम्बर, 1956 (C) 25 अक्टूबर, 1956 (D) 26 जनवरी, 1950

118. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है?
(A) सती प्रथा पर पाबंदी – 1829
(B) विधवा–विवाह के पक्ष में कानून का पारित होना – 1856
(C) बाल विवाह निषेध अधिनियम – 1929
(D) मोहम्मदन एंग्लो–ओरिएंटल कॉलेज की स्थापना – 1930

119. हड़प्पा संस्कृति के समुद्रतटीय नगर को पहचानिए –
(A) बनवाली (B) सुरकोटदा (C) चन्हुदड़ो (D) रोजड़ी

120. निम्नलिखित पुस्तकों में से कौनसी पुस्तक डॉ. बी.आर. अम्बेडकर द्वारा नहीं लिखी गई?
(A) हु वर द शूद्र?
(B) रिडल्स इन हिन्दुइज़्म
(C) वेटिंग फॉर ए वीज़ा
(D) गुलामगिरी

121. बंगाल/भारत के निम्नांकित गवर्नर जनरलों में से कौन 'सहायक संधियों' की व्यवस्था का प्रतिपादक था?
(A) लॉर्ड कॉर्नवालिस
(B) लॉर्ड वेलेस्ली
(C) लॉर्ड फ्रांसिस हेस्टिंग्स
(D) लॉर्ड विलियम बेंटिक

122. सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर दीजिए –

| सूची–I | | सूची–II | |
|---|---|---|---|
| (i) | क्षोभमंडल | (a) | रेडियो संचार |
| (ii) | समताप मंडल | (b) | हाइड्रोजन का तैरना |
| (iii) | बाहय वायुमंडल | (c) | ओज़ोन गैस की परत |
| (iv) | बहिर्मंडल | (d) | मौसमी घटनाएँ |

(A) (i)-(d), (ii)-(c), (iii)-(b), (iv)-(a)
(B) (i)-(d), (ii)-(c), (iii)-(a), (iv)-(b)
(C) (i)-(c), (ii)-(d), (iii)-(a), (iv)-(b)
(D) (i)-(b), (ii)-(a), (iii)-(d), (iv)-(c)

123. राजस्थान भूमि सुधार व जागीर पुनर्ग्रहण अधिनियम कब अस्तित्व में आया?
(A) 1952 (B) 1956 (C) 1959 (D) 1960

124. विश्व व्यापार संगठन का 14वाँ मंत्रीय सम्मेलन 26 से 30 मार्च, 2026 को कहाँ आयोजित हुआ?
(A) केन्या (B) मोरक्को (C) कैमरून (D) दक्षिण अफ्रीका

125. निम्नलिखित में से कौनसी पेढ़ी दिलवाड़ा जैन मन्दिर, माउंट आबू का रखरखाव करती है?
(A) श्री भांदासर पेढ़ी
(B) श्री सांवलियाजी पेढ़ी
(C) श्री आनन्दजी कल्याणजी पेढ़ी
(D) श्री कल्याणजी परमानन्दजी पेढ़ी

**126.** निम्नलिखित राज्यों में से कौनसा एक अरावली पर्वत शृंखला का हिस्सा नहीं है?

(A) हरियाणा (B) गुजरात (C) उत्तर प्रदेश (D) राजस्थान

**127.** श्रीधर माकम कृष्णमूर्ति के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –

(1) उन्हें 2024 में पद्म श्री सम्मान दिया गया।

(2) वह शिक्षा नीति और सुधारों से जुड़े हुए हैं।

(3) उन्होंने भारत में रक्षा प्रौद्योगिकी में योगदान दिया है।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौनसा/कौनसे सही है/हैं?

(A) केवल (1) और (2) (B) केवल (2) और (3) (C) केवल (1) (D) (1), (2) और (3)

**128.** बारां जिले में किस जनजाति के लोग अधिसंख्य में पाए जाते हैं?

(A) गरासिया (B) भील (C) मीणा (D) सहरिया

**129.** भारत में आपदा प्रबंधन में किस उपग्रह प्रणाली का उपयोग होता है?

(A) नेविक (NavIC) (B) एस्ट्रोसैट (AstroSat)

(C) आरआईसैट (RISAT) (D) इनसैट (INSAT)

**130.** 2026 में ईरान के खिलाफ संयुक्त राज्य अमेरिका और इज़रायल द्वारा संयुक्त रूप से की गई सैनिक कार्रवाई (अभियान) का नाम क्या है?

(A) ऑपरेशन डेज़र्ट स्टॉर्म (B) ऑपरेशन एपिक फ्यूरी

(C) ऑपरेशन एंड्योरिंग फ्रीडम (D) ऑपरेशन रोरिंग लायन

**131.** जनगणना 2027 के शुभंकर कौन हैं?

(A) उन्नति – शक्ति (B) समृद्धि – विश्वास (C) संस्कृति – विरासत (D) प्रगति – विकास

**132.** 'समीर' एक एप है जो निम्नांकित पर हर घंटे नवीनतम जानकारी देता है –

(A) स्थानीय मौसम भविष्यवाणी (B) ध्वनि प्रदूषण सूचकांक

(C) सामुद्रिक जल गुणवत्ता सूचकांक (D) राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक

**133.** निम्नांकित झीलों में से कौनसी एक खारे पानी की झील है?

(A) भीमताल (B) लोकटक (C) बारापानी (D) सांभर

**134.** निम्नलिखित में से किस साहित्यिक कृति को साहित्य अकादमी पुरस्कार–2025 से सम्मानित किया गया है?

(A) रक्त समाधि (B) एक दिन अचानक (C) दुक्खम्–सुक्खम् (D) जीते जी इलाहाबाद

**135.** भारत के पहले स्वदेशी मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम "गगनयान मिशन" का विकासकर्ता कौन है?

(A) डीआरडीओ (B) इसरो (C) सीएसआईआर (D) आईसीएमआर

**136.** राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण कब स्थापित किया गया?

(A) 2010 (B) 2015 (C) 2017 (D) 2018

**137.** निम्नांकित में से किस वाद के फैसले में, उच्चतम न्यायालय ने सुस्पष्ट व्यवस्था दी है कि कोई भी विकास–परियोजना कार्योत्तर पर्यावरणीय स्वीकृतियाँ अर्जित नहीं कर सकती है?

(A) वनशक्ति बनाम भारत संघ (B) टी.एन. गोदावर्मन थिरुमुलपाद बनाम भारत संघ

(C) एम.सी. मेहता बनाम भारत संघ (D) गंगा लालवानी बनाम भारत संघ

**138.** कौनसा स्थल 2025 में भारत का 44वां युनेस्को विश्व धरोहर स्थल बना?

(A) अजन्ता गुफाएं (B) मराठा सैन्य स्थल

(C) अहोम राजवंश के मोइदम (D) सुन्दरबन राष्ट्रीय उद्यान

139. निम्न में से कौनसी एक कृति विजयदान देथा द्वारा लिखित नहीं है?
(A) चौधराईन की चतुराई (B) दुविधा (C) बातां री फुलवारी (D) जोग – संजोग

140. अंजना देवी चौधरी कौन थी?
(A) पर्यावरण कार्यकर्त्ता (B) प्रसिद्ध कवियित्री
(C) अहिंसक स्वतंत्रता सैनानी (D) क्रांतिकारी नारीवादी

141. राजस्थान के किस जिले में 'बस्सी वन्यजीव अभ्यारण्य' स्थित है?
(A) दूदू (B) जयपुर (C) चित्तौड़गढ़ (D) भीलवाड़ा

142. निम्न में से कौनसा डिजिटल प्लेटफॉर्म, नागरिक सेवाओं को एकीकृत करता है?
(A) डिजिलॉकर (B) उमंग (C) आधार (D) भारतनेट

143. भारत के उत्तर–पश्चिमी सीमा क्षेत्र में सविनय–अवज्ञा आंदोलन का नेतृत्व किसने किया?
(A) खान अब्दुल गफ्फार खान (B) राजा महेन्द्र प्रताप
(C) सरोजिनी नायडू (D) वोमेश चन्द्र बनर्जी

144. विश्व खुशहाली रिपोर्ट, 2026 में खुशहाली की रैंकिंग (2023-2025) में किस देश की प्रथम रैंक है?
(A) नॉर्वे (B) स्वीडन (C) फिनलैंड (D) आइसलैंड

145. यू.एन.ई.पी. (UNEP) द्वारा GEO-7 रिपोर्ट किस वर्ष जारी की गई?
(A) 2023 (B) 2024 (C) 2025 (D) 2026

146. राजस्थान राज्य विधानसभा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए –
(I) राजस्थान विधानसभा की सदस्य संख्या 1952 में 160 थी और पांचवीं सभा से 200 है।
(II) 1967, 1977, 1980 तथा 1992 में राष्ट्रपति शासन के कारण यह निरन्तर नहीं रही थी।
(A) (I) तथा (II) दोनों सत्य हैं (B) (I) तथा (II) दोनों असत्य हैं
(C) (I) सत्य किंतु (II) असत्य है (D) (I) असत्य किंतु (II) सत्य है

147. गणतंत्र दिवस, 2026 को किसे सर्वोच्च शौर्य सम्मान – अशोक चक्र से सम्मानित किया गया?
(A) अर्शदीप सिंह (B) शुभांशु शुक्ला (C) डोलेश्वर सुब्बा (D) अंशुल बाल्टू

148. पर्यावरणीय मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र के निम्नलिखित शिखर सम्मेलनों पर विचार कीजिए –
(I) वन प्लैनेट समिट (II) पहला पृथ्वी शिखर सम्मेलन
(III) मिलेनियम समिट (IV) मानव पर्यावरण पर पहला स्टॉकहोम सम्मेलन
उपर्युक्त शिखर सम्मेलनों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए –
(A) (I), (II), (III), (IV) (B) (IV), (II), (III), (I)
(C) (II), (III), (IV), (I) (D) (III), (II), (I), (IV)

149. 2025 में जॉर्जिया के बटुमी में आयोजित फिडे शतरंज महिला विश्व कप जीतने वाली भारतीय महिला कौन हैं?
(A) कोनेरू हम्पी (B) दिव्या देशमुख (C) हरिका द्रोणावल्ली (D) आर. वैशाली

150. असहयोग आंदोलन पर स्वीकृति की मोहर कांग्रेस के किस अधिवेशन में लगी?
(A) 1920 का कलकत्ता अधिवेशन (B) 1920 का नागपुर अधिवेशन
(C) 1919 का अमृतसर अधिवेशन (D) 1918 का बम्बई अधिवेशन

Read the passage and answer the questions given below (**151 to 155**) -

Regular physical activity provides numerous health benefits, from leaner bodies and lower blood pressure to improved mental health and cognitive functioning. As the school physical programme promotes physical activity and can teach skills as well as form or change behaviour, it holds an important key to influencing health and well-being across the life span. To improve the fitness of students, we need to rethink the design and delivery of school-based physical education programme. Adults in the United States think that information about health was more important for students than to learn the content in language, arts, mathematics, science, history or any other subject. Our first step might be to consider ways to increase curriculum time devoted to physical education.

**151.** According to Americans, health education is more important than teaching -
(A) Social Science (B) Natural Science (C) Any Subject (D) History

**152.** In order to improve physical education programme, we should -
(A) increase school time. (B) employ qualified physical instructors.
(C) increase number of classrooms. (D) increase attendance of the students.

**153.** In order to tone up the physical education programme in schools -
(A) it should be made compulsory in schools.
(B) existing programme should be changed.
(C) a committee should be set up in schools.
(D) the programme should be reoriented and implemented.

**154.** According to the passage, we must consider ways to -
(A) give training to teachers.
(B) improve classroom teaching.
(C) give more time for physical education in curriculum.
(D) give less curriculum time to physical education.

**155.** According to this passage, regular physical activity is needed to -
(A) control one's blood pressure (B) lose one's weight
(C) improve one's cognitive skills (D) improve one's physical as well as mental health

**156.** Write one word for -
One who is devoid of kind feelings and sympathy.
(A) Cruel (B) Ruthless (C) Callous (D) Indifferent

**157.** Choose the correct Direct form -
She asked for a cup of coffee.
(A) "Could I have a cup of coffee", she said.
(B) "Can you give me a cup of coffee?", she said.
(C) "Could I have a cup of coffee?" she said.
(D) "Will you give me a cup of coffee?" she said.

**158.** I readily closed with his offer.
The meaning of the underlined idiom is -
(A) accepted (B) rejected (C) postponed (D) changed

**159.** Fill in the blanks with appropriate modal -
What is the point in crying over the spilt milk? You .......................... have listened to us earlier.
(A) would (B) should (C) can (D) must

**160.** Choose the correct Indirect form -
"Who do you want to speak to?", said the telephonist.
(A) She asked with whom I wanted to speak to. (B) She inquired whom I wanted to speak to.
(C) She asked who I wanted to speak to. (D) She inquired who do I wanted to speak to.

**161.** Complete the sentence with a suitable answer -
You don't recognise me, ................................
(A) could you? (B) do you? (C) must you? (D) did you?

**162.** This is the man ................................ I suspected.
(A) what (B) who (C) whom (D) which

**163.** Choose the correct phrasal verb -
The little girl couldn't ................................ the balloon.
(A) blow out (B) blow up (C) fill up (D) blow into

164. It ...................... rain later so take an umbrella.

(A) can (B) would (C) should (D) might

165. Identify the correct sentence from the following sentences -

(A) She will rather be quiet than answer back rudely.
(B) She would rather be quiet than answer back rudely.
(C) She would rather be quiet then answer back rudely.
(D) She will rather be quiet then answer back rudely.

166. The prisoner was released on ............................... for good behaviour.

(A) parole (B) probation (C) bail (D) guarantee

167. The bridal ............................was fringed with lace.

(A) vale (B) veil (C) wail (D) well

168. Select the option that contains no spelling error -

(A) The conversation mieandered on for hour after the meeting was over.
(B) The conversation meendered in for hours after the meeting was over.
(C) The conversation meindered in for hours after the meeting was over.
(D) The conversation meandered on for hours after the meeting was over.

169. Fill in the blank with the correct option -

We stayed ............................ days in Jaipur and visited Hawa Mahal.

(A) few (B) a little (C) a few (D) little

170. I heard my name called. In this sentence, 'called' is -

(A) Noun (B) Past Participle (C) Subject (D) Object

171. Identify the correct sequence of the sentence -

(P) you (Q) to stay (R) I (S) would like

(A) S P Q R (B) Q R P S (C) S R Q P (D) R S P Q

172. Choose the correct passive form -

They are demolishing the entire block.

(A) The entire block was being demolished. (B) The entire block has been demolished.
(C) The entire block was been demolished. (D) The entire block is being demolished.

173. Ram agreed to ...................................... my orders.

(A) carry away (B) carry on (C) carry out (D) carry off

174. Had you worked hard, you...................................passed.

(A) would (B) will (C) would have (D) will have

175. Mark synonym of the word 'Vigorous' -

(A) Clever (B) Cool (C) Energetic (D) Sharp

176. Mark the most appropriate synonym of the word 'Primordial' -

(A) Primary (B) Ancient (C) Classical (D) Aboriginal

177. Rahul's father works as ........................................ electrician.

(A) the (B) a (C) an (D) no article

178. Fill in the blank with the correct preposition -

The driver jumped ................................ the car.

(A) of (B) at (C) in (D) off

179. "He liked my suggestion." Change into a complex sentence.

(A) It was what he liked. (B) He liked what I suggested.
(C) My suggestion was he liked. (D) He liked me and suggested.

180. Choose the word with correct spelling -

(A) Pnemonia (B) Pneumonia (C) Nemonia (D) Penomonia

181. Identify the correct order of the sentence -

(p) round his grave (q) and myrtles (r) he is buried (s) near Rome (t) grow

The correct sequence is -

(A) pqrst (B) qtrsp (C) rsqpt (D) rsqtp

182. Add suitable form of "Be" Verb -

Neither Seema nor Mohan ............................... there.

(A) was (B) were (C) being (D) been

183. Identify the tense used from the following sentence -
He has been sleeping for five hours.
(A) Present Perfect Continuous (B) Present Continuous
(C) Present Simple (D) Present Perfect

184. Choose the correct option for the sentence -
"Handwriting that cannot be read."
(A) Ineligible (B) Illegitimate (C) Unedited (D) Illegible

185. Identify the correctly spelt word -
(A) Abismal (B) Ebysmal (C) Abysmal (D) Abysmel

186. Complete the sentence with the correct option -
"The wounded soldier fell ...................................... the ditch."
(A) in (B) at (C) into (D) within

187. "Have you submitted your report yet?" Change into indirect speech.
(A) She asked him if he had submitted his report till then.
(B) She asked him whether he has submitted his report yet.
(C) She asked him if he was submitted the report till now.
(D) She asked to submit his report now.

188. You are unable to ........................................ the meaning of this passage.
(A) make off (B) make out (C) make over (D) make up

189. Complete the sentence with the correct option -
He must do it ............................... he likes it ............................... not.
(A) whether, or (B) rather, than (C) so, that (D) hardly, when

190. He asked if I liked fish.
The underlined word is -
(A) Interjection (B) Preposition (C) Conjunction (D) Adjunct

191. Choose the correct phrasal verb -
A huge crowd ......................... to see the international football match.
(A) turned up (B) was present (C) turned over (D) came

192. Choose the correct Indirect form -
"Did any of you actually see the accident happen?", said the policeman.
(A) The policeman asked if any of them actually saw the accident happen.
(B) The policeman asked if any of us had actually seen the accident happen.
(C) The policeman asked if any of us actually saw the accident happen.
(D) The policeman said if any of us had actually seen the accident happen.

193. Write one word for -
One who is an associate in crime.
(A) Co-partner (B) Criminal (C) Accomplice (D) Partner-in-crime

194. There is hardly .................................... reason to doubt his intentions.
(A) some (B) much (C) every (D) any

195. Mark correct antonym of the word 'Lazy' -
(A) Industrious (B) Weaken (C) Begin (D) Careless

196. Choose the correct option to complete the sentence -
......................... what I know ................ him, I hesitate to trust him.
(A) By, from (B) At, of (C) From, from (D) From, of

197. Rohit as well as my sister .................................. in college now.
(A) am (B) is (C) are (D) has

198. Choose the correct option -
She hasn't come yet, ............................?
(A) has she (B) had she (C) hasn't she (D) isn't she

199. Fill in the blank with the correct phrasal verb -
He does not .................................... with my brother.
(A) find out (B) keep on (C) look after (D) get along

200. Choose the correct option for the sentence -
"A person who hates women."
(A) Intolerant (B) Misogynist (C) Bigamist (D) Gullible

## हिन्दी

151. 'च' वर्ग के व्यंजन का उच्चारण स्थान है –
(A) कंठ (B) मूर्धा (C) दंत (D) तालु

152. निम्न में से मूर्धन्य वर्ण है –
(A) क और ग (B) र और ठ (C) ल और स (D) च और छ

153. 'पैर से लेकर सिर तक' वाक्यांश के लिए एक शब्द प्रयुक्त होगा –
(A) सपाद (B) सिरोपा (C) आपादमस्तक (D) शिरोधार्य

154. निम्न में अर्द्धस्वर है –
(A) र (B) ल (C) य (D) म

155. निम्न शब्दों को शब्दकोश में क्रम से संयोजित करें –
1. क्रांति 2. क्षेत्र 3. कृष्ण 4. कँगना
(A) 1 - 2 - 3 - 4 (B) 1 - 4 - 3 - 2 (C) 4 - 1 - 2 - 3 (D) 3 - 4 - 1 - 2

156. निम्न में से किस विकल्प में सभी शब्द शुद्ध हैं?
(A) मुमूर्ष, शुश्रूषा, द्वारका, महात्म्य
(B) मूमुर्ष, सुश्रूषा, द्वारका, महात्म्य
(C) मूमुर्ष, श्रूशुषा, द्वारिका, महातम्य
(D) मुमुर्ष, शूश्रुषा, द्वारिका, महातम्य

157. व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध वाक्य है –
(A) कक्षा में कोई लगभग पचास विद्यार्थी आऐ थे।
(B) उसने अपनी बात सप्रमाण सहित कही।
(C) उसने घर के अन्दर प्रवेश किया।
(D) मुझे केवल तीस रुपए चाहिए।

158. निम्न में स्वर सन्धि युक्त शब्द नहीं है –
(A) देव + इन्द्र = देवेन्द्र
(B) सदा + एव = सदैव
(C) अभि + सेक = अभिषेक
(D) अनु + इत = अन्वित

159. 'आँख रखना' मुहावरे का अर्थ है –
(A) प्यार करना (B) इज़्ज़त बचाना (C) शर्म आ जाना (D) निगरानी करना

160. अनेक शब्दों (परबंधों या वाक्यांशों) के स्थान पर एक शब्द का सही प्रयोग नहीं हुआ है –
(A) सेना का वह भाग जो सबसे आगे रहता है – हरावल
(B) जो अपनी पत्नी के साथ हो – सपत्नीक
(C) किसी बात के मर्म (गूढ़ रहस्य) को जानने वाला – मुमुक्षु
(D) रात्रि में विचरण करने वाला – निशाचर

161. निम्न में प्रत्यय युक्त शब्द नहीं है –
(A) भाषण (B) पुकार (C) बढ़ावा (D) उद्योग

162. तत्सम शब्द है –
(A) मोती (B) परछांई (C) यशोदा (D) जनेऊ

163. योगरूढ़ शब्द है –
(A) गजानन (B) कृष्णार्पण (C) राजमाता (D) राष्ट्रपति

164. निम्न में समास के विसंगत उदाहरण हैं –
(A) प्रतिदिन : अव्ययीभाव
(B) ग्रामवास : तत्पुरुष
(C) पीतांबर : कर्मधारय
(D) चहार दीवारी : बहुव्रीहि

165. निम्न में अशुद्ध तत्सम – तद्भव युग्म है –
(A) नकुल – नेवला (B) जामाता – दामाद (C) वामन – बौना (D) वक्र – बगुला

166. शुद्ध वाक्य है –
(A) यह विषय अत्यंत कठोर है।
(B) वे अपना भावी जीवन यहीं बिताएँगे।
(C) वह आरोग्य हो गया।
(D) वहाँ अपार जनसमूह उमड़ पड़ा।

167. निम्न में शुद्ध वर्तनी है –
(A) रुई (B) गुरु (C) रुठना (D) वधू

168. निम्न में मिश्र वाक्य का उदाहरण है –
(A) मैं आगे बढ़ गया और वह पीछे रह गया।
(B) जहाँ सुमति तहँ संपति नाना।
(C) मरता क्या नहीं करता।
(D) मुझे उन लोगों का भेद लेना था, सो मैं वहाँ ठहर कर उनकी बातें सुनने लगा।

169. उत्क्षिप्त व्यंजन का उदाहरण है –
(A) क्ष (B) ढ़ (C) ष (D) ल

170. निम्न में स्त्रीलिंग नहीं है –
(A) रात (B) आयु (C) कृपा (D) अश्रु

171. विभक्ति युक्त शब्द कहलाता है –
(A) वाक्य (B) वर्ण (C) पद (D) अनुच्छेद

172. 'तत्पुरुष' समास युक्त शब्द नहीं है –
(A) जन्मांध (B) देश भक्ति (C) पराधीन (D) श्याम सुंदर

173. निम्नलिखित में से 'बुद्धि' का पर्याय है –
(A) द्युति (B) चपला (C) मर्त्य (D) प्रज्ञा

174. निम्न में अल्पप्राण व्यंजन है –
(A) ख (B) ढ (C) भ (D) य

175. "बीमारी के कारण मुझसे चला नहीं जाता" वाक्य में वाच्य है –
(A) कर्तृ वाच्य (B) भाव वाच्य (C) कर्म वाच्य (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

176. निम्नांकित में असंगत कारक – चिन्ह है –
(A) संप्रदान : को, के लिए (B) संबंध : का, के, की (C) कर्म : ने (D) अधिकरण : में, पर

177. 'घोटक' शब्द किसका पर्यायवाची है?
(A) हय (B) शशि (C) विषाद (D) कृपाण

178. विराम चिह्न की दृष्टि से शुद्ध वाक्य है –
(A) वाह! कितना सुन्दर दृश्य है। (B) वाह, कितना सुन्दर दृश्य है।
(C) वाह! कितना सुन्दर दृश्य है? (D) वाह; कितना सुन्दर दृश्य है :–

179. प्रत्यय और शब्द की दृष्टि से सही विकल्प नहीं है –
(A) न – उड़ान (B) आवट – लिखावट (C) ना – लिखना (D) अनीय – पूजनीय

180. 'गाँधी भारत के इतिहास में अमर हैं।' रेखांकित पद में संज्ञा प्रकार है –
(A) जातिवाचक (B) व्यक्तिवाचक (C) भाववाचक (D) कोई नहीं

181. 'जो मापा न जा सके' वाक्यांश के लिए उपयुक्त एक शब्द है –
(A) अपरिमित (B) अनागत (C) अप्रत्याशित (D) असंभव

182. भाषा की सबसे छोटी इकाई है –
(A) स्वर (B) व्यंजन (C) शब्द (D) ध्वनि

183. उर्दू उपसर्ग के योग से बना शब्द नहीं है –
(A) नादान (B) गैर हाज़िर (C) कमज़ोर (D) निकम्मा

184. "मैं नौकर से काम करवाता हूँ।" वाक्य में प्रयुक्त धातु–रूप है –
(A) नाम धातु (B) अनुकरणात्मक (C) प्रेरणार्थक (D) विपरीतार्थक

185. 'आदमी', 'चाकू', 'बाग', 'गुलाब' आदि शब्द किस विदेशी भाषा से हिन्दी में आए?
(A) अरबी (B) तुर्की (C) फ़ारसी (D) पोर्तुगीज

186. 'देशभक्ति' में कौनसा समास है?
(A) करण तत्पुरुष (B) कर्म तत्पुरुष (C) संप्रदान तत्पुरुष (D) संबंध तत्पुरुष

187. 'संहार' शब्द में उपसर्ग है –
(A) सं (B) सम् (C) सः (D) संह

188. "चमड़ी चली जाए पर दमड़ी न जाए" वाक्य में समुच्चयबोधक भेद है –
(A) संयोजक (B) वियोजक (C) विरोधदर्शक (D) परिणामदर्शक

189. तत्सम से तद्भव शब्द की दृष्टि से सही विकल्प है –
(A) आर्द्रक – अदरक (B) कूष्माण्ड – कुम्हार (C) चर्वण – चना (D) चक्रवाक – चक्का

190. दूध से दही बनता है। इस वाक्य में कारक है –
(A) करण (B) अपादान (C) अधिकरण (D) सम्प्रदान

191. 'देव्यर्पण' शब्द का सही संधि – विच्छेद है –
(A) देव + अर्पण (B) देवी + अर्पण (C) देव्य + अर्पण (D) देवा + अर्पण

192. समाहार द्वंद्व समास का उदाहरण है –
(A) सत्यासत्य (B) भूल – चूक (C) लोटा – डोर (D) राधा – कृष्ण

193. मुहावरे और उसके अर्थ की दृष्टि से सही विकल्प नहीं है –
(A) गाल बजाना – अभिमान प्रकट करना (B) गुड़ गोबर करना – बना काम बिगाड़ना
(C) गाढ़े की कमाई होना – बहुत लाभ होना (D) गुण मानना – कृतज्ञ होना

194. निम्न में विसंगत विपरीतार्थी शब्द – समूह है –
(A) अंतरंग – बहिरंग (B) सूक्ष्म – स्थूल (C) सामिष – निरामिष (D) समूल – आमूल

195. 'महर्षि' शब्द में कौनसी संधि है?
(A) दीर्घ संधि (B) यण संधि (C) अयादि संधि (D) गुण संधि

**निर्देश (प्रश्न संख्या 196 – 200)** अनुच्छेद का अध्ययन कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर दीजिए –

भाषा ऐसी होनी चाहिए जो सरल हो और भावों को बिलकुल ठीक–ठीक अभिव्यक्त करने की क्षमता से सम्पन्न हो। इस कार्य के लिए होशियारी से चुने हुए शब्दों की आवश्यकता है। मैं नहीं जानता हूँ कि होशियारी से शब्द चुनना किसे कहते हैं। शब्दकोश में तो शब्द ही शब्द भरे होते हैं, पर मैं लाख होशियारी भी बरतूँ तो उनमें से क्या अपने लिए कोई शब्द चुन सकता हूँ? मैं समझता हूँ कि शब्द होशियारी से नहीं चुना जाता, अंतस्संज्ञा उसे आप चुन लेती है – मन के भीतर के शब्दकोश में से। मुझे लगता है कि जब मन में कोई भाव उठता है तो अपने साथ अभिव्यक्ति की संज्ञा भी लिए रहता है जो स्पष्ट हुई तो शब्द झट मिल जाता है और अस्पष्ट या धूमिल – सी हुई तो सृजन की उस प्रक्रिया में एक के बाद दूसरा शब्द उपस्थित चुनौती का सामना करने के लिए मन की गहराइयों में से उठकर ऊपर आ जाता है – वैसे ही जैसे सीता – स्वयंवर में एक के बाद दूसरा वीर उस धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाने के लिए आया था और अपना सा मुँह लेकर चला गया था। जब ठीक – ठीक शब्द मिल जाता है तब सर्जक मन परम सुख से उसके गले में वरमाला डाल देता है, वैसे ही जैसे सीताजी ने भगवान् रामचंद्रजी के गले में वरमाला डाल दी थी। मेरे लिए अभिव्यक्ति ऐसा ही एक स्वयंवर है।

196. 'अंतस्संज्ञा' का अभिप्राय है –
(A) मन की बात (B) आंतरिक चेतना (C) अंतिम शब्द (D) संज्ञा का भेद

197. इस गद्यांश में लेखक ने मुख्य रूप से –
(A) सीता स्वयंवर का चित्रण किया है।
(B) भाषा विज्ञान की व्याख्या की गई है।
(C) अभिव्यक्ति की प्रक्रिया और सहज शब्द प्रयोग पर बल दिया है।
(D) समाज की मनोवृत्ति बताई है।

198. 'अभिव्यक्ति' हेतु आवश्यक है –
(A) शब्दकोश का ज्ञान (B) होशियारी
(C) सभी विषयों का ज्ञान (D) भीतर से निकले सहज सरल शब्द

199. संपूर्ण गद्यांश का केन्द्रीय भाव है –
(A) साहित्य का महत्त्व प्रतिपादित करना
(B) साहित्य के निर्माण में चमत्कारपूर्ण भाषा के योगदान को चित्रित करना
(C) साहित्य और सामान्य अभिव्यक्ति में सहज, स्वतः स्फूर्त शब्दों का प्रयोग श्रेयस है।
(D) इनमें से कुछ नहीं

200. अभिव्यक्ति को स्वयंवर कहने का तात्पर्य है, उसमें –
(A) प्रदर्शन की भावना होती है
(B) सार्वजनिक सहयोग होता है
(C) लेखक की विद्वता प्रकट होती है
(D) उचित शब्द को स्वयं खोज लेने की क्षमता होती है

------------------------------